प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आज राजस्थान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अजमेर रोड़ स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से इन बसों को रवाना किया गया। साथ ही 700 महिलाओं को सड़क सुरक्षा अग्रदूत के रूप में हेलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सुगम और सुरक्षित सफर के लिए संकल्पित है। पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि रोडवेज में शामिल की गई इन बसों से प्रदेश में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

.....

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज शाम पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शामिल होंगी। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोक कलाकार घूमर, कालबेलिया, कच्छी घोडी, भवई और गैर **नृत्य** सहित अन्य प्रस्तुति देंगे। जिलों में भी राजस्थान दिवस के आयोजन रखे गये है।

00000

चैत्र नवरात्र पर आज प्रदेशभर में देवी मंदिरों में विशेष पूजा आराधना की जा रही है। मां दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु **पहुंच रहे है।** घरों में घट स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। कई स्थानों पर मेले भी भर रहे है। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा और करौली के कैला देवी मंदिर मेले में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। राजधानी जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये गये है। आमेर महल में 28 मार्च तक हाथी सवारी अस्थायी रूप से बंद रहेगी। साथ ही रोजाना शाम साढे 5 बजे के बाद पर्यटकों का प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा। रात्रिकालीन पर्यटन गतिविधियों पर भी रोक रहेगी। इधर आज हिन्दू नववर्ष की भी शुरूआत हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि, उगादी, साजिबू चीराओबा, नवरेह, गुड़ी पड़वा और नव **संवत्सर** के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही सोशल मीडिया पोस्ट में सभी के लिए सुख, सौभाग्य, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

00000

तीन दिवसीय चूरू महोत्सव आज से शुरू हुआ। महोत्सव की शुभारंभ विरासत शोभायात्रा के साथ हुई। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, इनमें ऊंट सजावट, साफा बांधना, रस्सा–कस्सी और रंगोली शामिल है। शाम को लोक संगीत और सूफी बैंड की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

00000

प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज **भी** बारिश और तेज हवाओं का दौर बना हुआ है। कहीं–कहीं ओले भी गिरे है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से आये इस मौसम के बदलाव का आज सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिमी इलाकों में देखने को मिला। बीकानेर और जालौर में सुबह **से** रूक–रूक कर बारिश होती रही। वहीं बाड़मेर और जैसलमेर में तेज हवा के साथ बरसात हुई। हनुमानगढ़ में रूक–रूक कर बरसात हुई। सीकर में ओले गिरने के भी समाचार है। बारिश से फसलों को नुकसान होने की आशंका है। जयपुर में सुबह से ही आंशिक बादल छाये हुए है। मौसम विभाग ने आज डूंगरपुर और बांसवाड़ा को छोड़कर सभी जगह के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल भी कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना है। इस बीच दिन और रात के तापमान में **और** गिरावट आयी है। इससे तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000